क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2,पंचम चरण,रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–133/

दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश गुप्ता रेफरेन्स संख्या 20201000026951 ग्राम हाथगी द्वारा ग्रेनाइट एवं मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर संख्या 04 खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	खनन पटटा/रेफरेन्स संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	खनिज का नाम	उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.)
1	श्री योगेश गुप्ता खसरा संख्या 1350/2, 1350/3, 1348/2, 1346, 1349 एवं 1356	20201000026951	1.7799	ग्रेनाईट	245010
2	श्री हरफुल बैरवा	201810000516	1.0	ग्रेनाईट	100800
3	श्री ओम प्रकाश बैरवा	2018100001202	1.2553	ग्रेनाईट	95900
4	श्री ग्यारसी लाल	2018100001236	1.0	ग्रेनाईट	51520
5	मैसर्स स्वास्तिक ग्रेनाईट	2018100001509	1.7238	ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन	205773
6	श्री मंगलराम बुनकर	2018100001159	1.0	ग्रेनाईट	103404
7	श्री देवालाल गुर्जर	126/2008	1.0	ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन	91845

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.7590 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–897252 टीपीए (आर.ओ.एम.), ग्राम राजपुरा एवं हाथगी, तहसील मालपुरा, जिला टोंक से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि श्री योगेश गुप्ता रेफरेन्स संख्या 20201000026951 ग्राम हाथगी ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजनासे सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
   1. जिला कलक्टर, टोंक।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
   5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
   6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम राजपुरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण/2022/346 दिनांक 13.01.2022 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 25/02/2022 को दोपहर 12:30 बजे, स्थान–राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम राजपुरा, तहसील मालपुरा, जिला–टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तँवर)
पर्यावरण अभियंता
एवं क्षैत्रीय अधिकारी